भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने तिरूपति हवाईअड्डे पर सतर्कता कार्यशाला का आयोजन किया ।

नई दिल्ली 1 नवम्बर, 2017 :- भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, निगमित सतर्कता विभाग द्वारा 26 से 27 अक्टूबर, 2017 को '' अच्छे गवर्नेस के टूल के रूप में रोकथात्मक सतर्कता'' विषय पर तिरूपति हवाईअड्डे पर कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में तिरूपति कड़प्पा, सेलम, क्षेत्रीय मुख्यालय दक्षिणी क्षेत्र चेन्नई तथा चेन्नई हवाईअड्डे के लगभग 50 कार्यपालकों ने भाग लिया । इस कार्यशाला का उद्घाटन डॉ0 सी. एल. रामाकृष्णन भा.पू.से (सेवानिवृत्त) भूतपूर्व डी. जी.पी. तथा भूतपूर्व निदेशक सतर्कता तथा भ्रष्टाचार निरोधक तमिलनाडु तथा प्रबंधन सलाहकार द्वारा किया गया । इस कार्यशाला में सतर्कता तथा अनुशासनात्मक मामलों के विभिन्न पहलुओं के बारे में चर्चा की गई । व्याख्याताओं में प्रसिद्ध व्याख्याता डॉ0 सी.एल. रामाकृष्णन, भा.पू.से (सेवानिवृत) भूतपूर्व डी. जी.पी. तथा भूतपूर्व निदेशक सतर्कता तथा भ्रष्टाचार निरोधक तमिलनाडु तथा प्रबंधन सलाहकार ने कहा कि '' संगठनात्मक नैतिकता एवं जीवन के मूल्य तथा भ्रष्टाचार की रोकथाम, अधिनियम 1988 तथा इसके प्रभाव तथा ''सी वी सी, सी बी आई तथा संगठन का सतर्कता विभाग'' पर व्याख्यान दिया गया । कार्यशाला के दौरान सतर्कता मामलों विनियम, 2003 तथा वाणिज्यिक संविदओं के बारे में प्रस्तुति दी गई श्री एस.एन. बोरकर, महाप्रबंधक (सतर्कता) ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में उपस्थित कार्मिकों को बताया । रोकथात्मक सतर्कता पर विभिन्न मामलों पर गहन विचार-विमर्श एवं चर्चा की गई ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
प्रेस विज्ञप्ति सं0 44/2017-18

(बाएं से दाएं) श्री एच.पुला, विमानपत्तन निदेशक, तिरूपति हवाईअड्डा, श्री सुरेश एन. बोरकर, महाप्रबंधक (सतर्कता), भा वि प्रा, डॉ0 सी. एल. रामाकृष्णन, आई पी.एस (सेवानिवृत), भूतपूर्व डी जी पी तथा पूर्व निदेशक, सतर्कता तथा तमिलनाडु तथा प्रबंधन सलाहकार तिरूपति पर 26 से 27 अक्टूबर, 2017 के दौरान सुशासनके टूल रूप में रोकथामत्मक सतर्कता पर दो दिवसीय कार्यशाला के अवसर पर मंचासीन।